हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

12 नगर का विकास जनता के मंशा के अनुरूप...



14 भगवान श्रीराम की निकाली शोभायात्रा अखाड़ा दल...









## खबर संक्षेप

### छत से एचटी लाइन हटाने की घोषणा पर अमल नहीं

**छुरा।** नगर में वर्ष 2012 में जिले के प्रभारी मंत्री पून्नूराम मोहिले, सासंद चन्दू लाल साहू ने नगर सुराज कार्यक्रम में नगर के उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री मोहिले ने छुरा नगर के वार्ड 13,14,15 के मकानों के छत के उपर से 11 केव्ही विद्युत लाइन को मोहल्लेवासियों के मांग पर हटाने के लिए दस लाख रुपए स्वीकृति की घोषणा किया। मंत्री जी के घोषणा पर उपस्थित जन समुहों ने तालियों की गडगडाहट से मंत्री जी की घोषणा का स्वागत किया। लेकिन मंत्री जी के घोषणा पर अमल आज तक नहीं हुआ, मंत्री जी ने घोषणा तो कर दिया लेकिन विद्युत विभाग गरियाबंद मोहल्ले वासी को डिमांड नोट बारह साल में चौबीस बार भेज चुका है मंत्री जी की घोषणा को पूरा करने के लिए छुरा नगर के मोहल्ले वासी पैसा विद्युत विभाग गरियाबंद को भुगतान करें तब मंत्री जी की घोषणा पूरा होगा। मोहल्लेवासी जब जब मंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर गरियाबंद को स्मरण पत्र भेजते हैं तब तब बिजली विभाग गरियाबंद के अधिकारी डिमांड नोट भेजकर पैसा पटाने के लिए नोटिस थमा देते हैं।

### अभनपुर में बिरोदा से वार्ड 6 तक जलसंकट

**अभनपुर।** नगर पालिका अभनपुर मे बिरोदा से अभनपुर वार्ड 1 से 6 तक पेयजल सप्लाई की मुख्य पाईप से कई जगहो पर नल का कनेक्शन होने की वजह से टंकी मे पानी सप्लाई नही हो पा रही है जिसकी वजह से वार्ड क्रंमाक 6 मे



पेयजल आपूर्ति का भारी संकट है। इस संबंध मे वार्ड पार्षद वीरेन्द्र प्रताप सिन्हा ने नगर पालिका अभनुपर को अवगत कराया गया,समस्या का समाधान नही होने पर कलेक्टर रायपुर को लिखित आवेदन दिया है ,उन्होने बताया कि बिरोदा से अभनपुर टंकी मे पानी स्टोरेज किया जाता है तथा वहां से 1 से 6 वार्ड तक पानी की आपूर्ति होती है लेकिन मुख्य पाईप लाईन मे ही नल कनेक्शन देने के कारण टंकी मे पानी नही भर पा रहा है इससे और भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है,इस भीषण गर्मी मे पेयजल की समस्या से निजात दिलाने के लिए कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर निकारण के लिए निवेदन किया गया।

## कार्रवाई : आरोपियों से 23 किलो गांजा और चार मोबाइल जब्त

# दो लाख का गांजा व दो मोटर सायकिल जब्त, उत्तर प्रदेश के चार तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के मैनपुर पुलिस को गांजा तस्करी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार करने और 23 किलो गांजा सहित दो मोटर साइकिल एवं चार मोबाइल जब्त करने में सफलता मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 6 अप्रैल को थाना प्रभारी मैनपुर निरीक्षक शिवशंकर हुर्रा को मुखबिर से सूचना मिली की काले रंग की 2 मोटर सायकल से 4 व्यक्ति देवभोग की तरफ से नेशनल हाइवे 130 सी पर मैनपुर आ रहे है, जो अपने बैगों मे अवैध रूप से धन अर्जित करने के उद्देश्य से मादक पदार्थ गांजा रखे हुए हैं।

सूचना पर थाना प्रभारी व स्टाफ के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए हुलिया एवं मोटर साइकिल के आधार पर एनएच 130 में मेनरोड में झरियाबहार मेन रोड चेकिंग की कार्यवाही करते हुए चार आरोपियों को धर दबोचा गया। पुलिस के द्वारा जब इन चारों से नाम पता पूछा गया तो इनके बताए अनुसार पहले ने अपना नाम पता सहीद अली पिता इस्तायक अली उम्र 22 साकिन बरेली टीकरापारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश, दूसरा रोहित सोनकर पिता राजेंद्र सोनकर उम्र 18 साकिन रोनाकला थाना सिकवारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश, तीसरा ने शिवचंद यादव पिता केदार नाथ यादव उम्र 24 साल साकिन जमुआ थाना सिकवारा जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश और चौथे व्यक्ति ने ज्ञानचंद गौतम पिता राजकुमार गौतम उम्र 21 साल साकिन परसर थाना मारिआहू जौनपुर उत्तरप्रदेश बताया।

### इनकी रही विशेष भूमिका

आरोपियों को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा, उपनिरीक्षक जोहनराम ध्रुव, प्रधान आरक्षक हरिश ध्रुव, आरक्षक कोमल धृतलहरे, प्रवीण वर्मा, कृष्णनंद यादव, मनीश चेलकर, राजेन्द्र गायकवाड मोती भुआर्य की सराहनीय भूमिका रही।



### बाइक से कर रहे थे तस्करी

मैनपुर पुलिस टीम के द्वारा समक्ष गवाहन के आरोपियों के कब्जे से एक बैगनी रंग बैग जिसमें खाखी रंग के प्लास्टिक टेप से लिपटा हुआ 2 पैकेट मिला। एक पैकेट में 10 किलोग्राम गांजा कीमती 100000 व दूसरे खाकी रंग के प्लास्टिक से लिपटा बैग जिसमें 13 किलोग्राम कीमती 130000 रुपए का गांजा मिला। इसके अतिरिक्त आरोपियों के पास से आईफोन कीमती 20000, वीवो मोबाइल कीमती 10000, एक ओप्पो मोबाइल 15000, इनफिनिक्स का मोबाइल कीमती 5000, एक काले रंग की टीव्हीएस रायडर मोटर सायकल क्रमांक यूपी 65 एफएफ 4913 कीमती 60000, दूसरी टीव्हीएस कंपनी की रायडर सोल्ड मोटर सायकल, कीमती 80000 रुपए कुल जुमला कीमती 4 लाख 20 बीस हजार रुपए का सामान बरामद कर जब्त किया गया। उक्त आरोपियों का कृत्य धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर दिल्ली जाने की तैयारी में



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

अपनी एक सूत्रीय मांग शासकीयकरण को लेकर छत्तीसगढ़ के पंचायत सचिवों का आंदोलन तेज होता जा रहा है। विगत 17 मार्च से ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवों ने गरियाबन्द जिला मुख्यालय में शक्ति प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में जिले भर के 352 पंचायतों के सचिव शामिल हुए, जिन्होंने सरकार से उनकी मांगों पर विचार करने का आह्वान किया।

बातचीत के कई दौर होने के बावजूद, पंचायत सचिवों की मांगों पर अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। इससे नाराज सचिव संघ ने अब आंदोलन को और भी उग्र करने की चेतावनी दी है। संघ का कहना है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गईं, तो वे सीधे दिल्ली के जंतर-मंतर पर जाकर प्रदर्शन करेंगे।

■ पंचायत सचिवों का शक्ति प्रदर्शन

पंचायत सचिवों के लगातार प्रदर्शन के कारण पंचायतों के विकास कार्य बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है, और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भी लोगों को भटकना पड़ रहा है। प्रशासन के पास पंचायत सचिवों का कोई विकल्प मौजूद नहीं है, जिसके चलते अधिकारी उनकी मांगों को सरकार तक ⏭ शेष पेज 12 पर

## रामनवमी पर निकली भव्य शोभायात्रा जीवंत झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद में सोमवार को धर्म और भक्ति का अनुपम संगम देखने को मिला। हिंदू रक्षा मंच के तत्वावधान में निकली भव्य और विशाल शोभा यात्रा ने नगरवासियों के हृदयों में आस्था की नई ज्योति जला दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधायक रोहित साहू, भागवताचार्य युवराज पांडेय, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप भी शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने सभी नगरवासियों को श्रीरामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। इसके ही साथ शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत भी किया।इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा की ⏭ शेष पेज 12 पर

■ जय श्रीराम की जयघोष गूंजा गरियाबंद

### श्रीराम लला की दिव्य प्रतिमा ने भक्तों को किया भावविभोर

इसके पहले शाम पांच श्रीराम जानकी मंदिर से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। सबसे आगे जीवंत हनुमान जी के वेश में सजी वानर सेना ध्वजवाहक बनकर शोभायात्रा का नेतृत्व कर रही थी। ध्वजों की पताका लहराते हुए यह दृश्य मानो त्रेतायुग की जीवंत झलक प्रस्तुत कर रहा था। श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण और पवनपुत्र हनुमान की भव्य और जीवंत झांकियाँ श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। अयोध्या की तर्ज पर निर्मित भव्य रथ पर विराजमान श्रीराम लला की दिव्य प्रतिमा ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। शौर्य प्रदर्शन के तहत धमतरी और कोपरा के अखाड़ों ने वीरता का अद्भुत प्रदर्शन किया, जिसे देख श्रद्धालु जयकारों से गगन गुंजाते रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**महासमुंद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना के दो मामलों में दो लोगों लोगो की मौत हो गई। कोतवाली अंतर्गत घोड़ारी में बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि नदी चौक ग्राम घोड़ारी के पत्थर खदान में काम करने करने वाला लक्ष्मण खंडेलवाल 5 अप्रैल को खदान मजदूरी लेने आया था। मजदूरी लेकर वापस शाम लगभग 6 बजे अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 सीजेड 8142 से कांपा जा रहा था। एनएच 53 रोड कर्नेल ढाबा ग्राम घोड़ारी के पास पहुचने पर ग्राम बरबसपुर की ओर से विपरीत दिशा से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीजेड 3853 के चालक अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से ठोकर मारकर एक्सींडेंट कर दिया।

## कार्यकर्ताओं के संघर्ष से भाजपा ने बनाई पहचान बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अभनपुर

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रेल के अवसर पर भाजपा मंडल कार्यालय अभनपुर में विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा झण्डा फहराया गया साथ ही रामनवमी के उपलक्ष्य में पूजा पाठ, आरती कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, विधायक इंद्र कुमार साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 1980 में पार्टी की स्थापना के बाद कार्यकर्ताओं के संघर्ष, त्याग, तपस्या ⏭ शेष पेज 12 पर

■ पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल समेत कई नेता शामिल हुए



## रामनवमी से शादियॉ शुरू, अप्रैल, मई और जून में हैं 28 शुभ मुहूर्त

हरिभूमि न्यूज : राजिम

अप्रैल माह आते ही शादियों का सीजन प्रारंभ हो गया है। 14 अप्रैल से 18 जून तक शादी के 28 मुहुर्त है। माह अप्रैल में 10 विवाह तिथि, माह मई में सबसे ज्यादा 12 विवाह तिथि एवं माह जून में 6 तिथि में शहनाइयां बजेगी। वैसे तो छत्तीसगढ़ में रामनवमी शादियों की शुरूआत हों गई है। रामनवमी के दिन छत्तीसगढ़ी परंपरा के अंतर्गत बिना मुहुर्त देखे शादी की जाती है। इस दिन को विवाह कल्याणोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है। हालांकि पूरे देश में रामनवमी का पर्व भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। पंडित योगीराज-आलोक शर्मा ने बताया कि 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया के दिन विवाह का विशेष मुहूर्त माना जाता है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था। एक अन्य मान्यता के अनुसार इस दिन किए गए कार्य का क्षय नहीं होता। अक्षय तृतीया को किए गए विवाह में अखंडता आती है। और मांगलिक दोष भी दूर होते है। इसलिए भी अक्षय तृतीया के दिन विवाह का विशेष महत्व है। माह मई में विवाह के सबसे ज्यादा 15 दिन मुहुर्त है। वही माह जून में शादी के लिए 5 शुभ तिथियां है। माह जुलाई, अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर में शादी के मुहूर्त नहीं है।

■ अप्रैल, मई और जून में 28 दिन बजेगी शहनाई

■ 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर होंगी अनेक शादियां








**अप्रैल, मई एवं जून में विवाह के 28 शुभ तिथियां :** माह अप्रैल में शादी के लिए 10 मुहूर्त 14, 16, 18,19, 20, 21, 22, 23, 29, 30 अप्रैल को है। माह मई में 12 मुहूर्त 1, 5, 6, 7, 8, 13, 15, 17, 18, 19, 24, 28 मई को है वहीं माह जून में 6 मुहूर्त 1, 2, 4, 7, 8, 9 में को विवाह के शुभ मुहुर्त है। शादियों के लिए बाजार सजकर तैयार, कपड़े एवं साड़ी के नए कलेक्शन दुकानों में उपलब्ध छत्तीसगढ़ में अधिकतर शादियां फसल काटने के बाद गर्मी के दिनों में करने की परंपरा है। लिहाजा नवापारा एवं राजिम दोनों ही नगर में अप्रैल आते ही विवाह में देने वाले शगुन एवं उपहार का बाजार सजकर तैयार हो गया है। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में टीवी, फ्रिज, कूलर, एसी एवं पंखे शादियों के ⏭ शेष पेज 12 पर



## खबर संक्षेप

### विधायक ध्रुव की माता को दी गई श्रद्धांजलि



**मैनपुर**। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव की माता आसीनबाई ध्रुव का 29 मार्च को निधन हो गया। सोमवार को मैनपुर नहानबिरी स्थित पैरी सदन विधायक निवास में श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में कांग्रेस भाजपा व सभी राजनीतिक दलो के नेता कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी व क्षेत्र की जनता हजारों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, प्रसिद्ध कथावाचक पंडित युवराज पाण्डेय, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, रामस्वरूप साहू, हलमन ध्रुवा, जनपद अध्यक्ष मैनपुर मोहना नेताम, उपाध्यक्ष नंदकुमारी राजपूत, युगल पाण्डेय, अरूण सोनवानी, हाजी चिराग अली, यशपेन्द्र शाह, ओंकार ठाकुर, बालमुकुंद मिश्रा, गेन्दु यादव, देवेन्द्र ठाकुर, नगर पालिका गरियाबंद अध्यक्ष रिखी यादव, सुरेन्द्र सोनटेके, खेदु नेगी, अब्दुल समद खान, कमलेश यदु, भुपेन्द्र मांझी, ललिता यादव, सुकचंद ध्रुव, वासुदेव बीसी, भविष्य प्रधान, दामु सोरी, रामसिंह नागेश, ईश्वर नागेश, मैनपुर सरपंच हनिता नायक, मुकेश कपिल, खेलन दीवान, खेलन साहू, शेख हसन खान, गोरेलाल सिन्हा, मोहन उपस्थित थे।

### महासमुंद में बनेंगी 33 नई सहकारी सोसायटियां

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन के सहकारिता विभाग के तहत "प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियों के पुनर्गठन योजना 2025" को छत्तीसगढ़ राजपत्र (असाधारण) में प्रकाशित किया गया है। जिलेवार पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, जिसके अंतर्गत महासमुंद जिले में 33 नवीन प्राथमिक कृषि साख सहकारी सोसायटियाँ अस्तित्व में आने जा रही हैं। पुनर्गठन के प्रस्ताव पर संबंधित सदस्य, सोसायटियाँ, बैंक शाखाएँ एवं अन्य हितधारी 08 अप्रैल 2025 से 23 अप्रैल 2025 तक अपनी दावा-आपत्तियां तीन प्रतियों में कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, जिला महासमुंद समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी संबंधित मूल समिति का कार्यालय शाखा प्रबंधक, कार्यालय नोडल अधिकारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र महासमुंद से प्राप्त एवं कार्यालय उपायुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं जिला महासमुंद के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

## बैठक : विकास के लिए 137 करोड़ की कार्ययोजना मास्टर प्लान का प्रस्ताव तैयार

# नगर का विकास जनता के मंशा के अनुरूप होगा : विधायक इंद्रकुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर पालिका में नगर के विकास की रूपरेखा तैयार करने एवं नगर विकास के लिए सुझाव के लिए नगर पालिका सभागार में बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू, नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय गोयल, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा ने नगर के विकास की रूपरेखा एवं प्रस्ताव तैयार करने नगर के वरिष्ठ नागरिकों, विभिन्न समाज के प्रमुख एवं नगर के वरिष्ठ पत्रकार को आमंत्रित किया था। बैठक के दौरान नगर के विकास के लिए नगरवासियों से राय ली गई। जिसमें नगर के वरिष्ठ नागरिक अशोक गंगवाल ने पेयजल की समस्या का विषय उठाया। नगर के कई वार्डों में पानी की समस्या के त्वरित निदान के लिए विधायक इंद्रकुमार साहू से निराकरण के लिए आग्रह किया एवं हर घरों में पानी की प्रॉपर सप्लाई के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए नगर पालिका प्रशासन से कहा। नगर के मुख्य मार्गों में आवारा मवेशियों के समस्या का मुद्दा भी उठा। नवापारा के प्रमुख समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिक कैलाश शुक्ला ने वार्ड क्रमांक 12 में सीसी रोड निर्माण में निम्न गुणवत्ता की बात प्रमुखता से उठाई। न ही वार्ड वासियों द्वारा मांग की गई थी। जिस पर नगर पालिका इंजीनियर ने तत्काल सीसी रोड निकैलाश शुक्ला ने कहा कि अच्छे खासे मार्ग पर फिर से सीसी रोड का निर्माण करके जनता के पैसे का दुरुपयोग किया जा रहा है। जबकि नए सीसी रोड की आवश्यकता नहीं थी। एवं र्माण बंद करवाने की बात कही। शिक्षाविद बलराम देवांगन ने महानदी में प्रदूषण का मुद्दा उठाया। नवापारा नगर के दीनदयाल उपाध्याय चौक में शीघ्र ट्रैफिक सिग्नल एवं तकनीकी शिक्षा के लिए शिक्षण संस्थान खोले जाने का आग्रह किया। नगर में मीट बाजार के लिए अलग स्थान, गुलाब गार्डन एवं अन्य प्रमुख विकास के विषयों पर विस्तार से चर्चा कर सुझाव लिया गया। नगर के सभी आमंत्रित प्रबुद्ध नागरिकों से नगर विकास के अन्य मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

- नगर के समग्र विकास की रूपरेखा तैयार करने पालिका में बैठक आयोजित





**अपने परिजनों के नाम एक पेड़ अवश्य लगाए :** बैठक के दौरान विधायक इंद्रकुमार साहू ने नवापारा नगर के लोगों से अपील की कि अपने प्रियजनों की याद में एक पेड़ अवश्य लगाए। जिससे उनकी याद वृक्ष के रूप में हमेशा जीवित रहे। उन्होंने आगे कहा कि अपने आसपास की खाली एवं अनुपयोगी जगह को चिन्हित कर उस पर छोटा बगीचा लगाए। जो बुढ़ापे में सुकून का स्थान होगा। अपने उद्बोधन के दौरान कुछ भावुक विषयों को विस्तार से बताया। जिसका तालियों के साथ बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने स्वागत किया।

### प्लान तैयार कर शासन को भेजा जा रहा प्रस्ताव

बैठक में विशेष रूप से मौजूद विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि नगरवासियों के सलाह के अनुरूप ही नगर के विकास का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। 137 करोड़ का मास्टर प्लान तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। आप लोगों के सलाह को ध्यान में रखकर मास्टर प्लान तैयार किया गया है। सलाह एवं सुझाव के अनुरूप ही नगर का विकास किया जायेगा। नवापारा के विकास के लिए भरसक प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए जनता के सुझाव के अनुरूप ही आगामी 5 वर्षों के लिए मास्टर प्लान तैयार कार्य किया जाएगा। बैठक में पालिका के अभियंता ने नगर के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के लिए मांगे गए राशि, मद एवं कार्यों को पढ़कर सुनाया। बैठक में प्रमुख रूप से डॉ राजेंद्र गादिया, मेघनाथ साहू, अशोक गंगवाल, कैलाश शुक्ला, बलराम देवांगन, योगिता सिन्हा, सचिन सचदेव,सहदेव कंसारी,नम्मु ठाकुर,मुकुंद मेश्राम, धीरज साहू,पत्रकार एवं वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# शिकायत, समस्या, सुझाव व मांग से सम्बंधित आवेदन के लिए समाधान पेटी की रहेगी सुविधा

**गरियाबंद/ मैनपुर**। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में सुशासन तिहार -2025 मनाया जायेगा। यह शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच बनेगा, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकेगा। इस तिहार के माध्यम से जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करेंगे और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जायेगा। यह आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारियों को लेकर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने विगत दिवस जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों, सीईओ एवं सीएमओ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है।

सुशासन तिहार-2025 का पहला चरण में मंगलवार 08 से शुक्रवार 11 अप्रैल 2025 अर्थात 4 दिन तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से लिए जाएगें। इसमें अपने पंचायत, ब्लॉक, निकाय कार्यालय में रखे समाधान पेटी में अपनी शिकायत या समस्या दर्ज कर सकते हैं। जिन लोगों को आवेदन लिखने में किसी प्रकार की दिक्कत हो तो, वे आवेदन लिखने के लिए वहां उपस्थित सहायकों की सहायता ले सकते है। साथ ही आवेदक पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

**द्वितीय चरण आवेदनों का निराकरण :** यह चरण 09 अप्रैल से 04 मई तक चलेगा। जिसमें जिला, जनपद, निकाय के अधिकारी समस्याओं के समाधान के लिए स्वयं पहुंचेंगे। आवेदनों से संबंधित विभागों के अधिकारी एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण करेंगे। मांग से संबंधित आवेदनों का निराकरण बजट की उपलब्धता के अनुसार किया जाएगा।

### तृतीय चरण समाधान शिविर

यह शिविर 05 से 31 मई, 2025 तक चलेगा। जिसमें आवेदकों को उनके आवेदन के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव त्वरित निराकरण किया जाएगा। शिविरों में आमजन को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जाएगी। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा। यह आयोजन जनसेवा को समर्पित एक ऐतिहासिक अवसर प्रदान कर रह है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को परस्पर समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा है। उन्होंने कहा है कि यह अभियान न केवल नागरिकों के प्रशासन में विश्वास को बढ़ाएगा, बल्कि शासन की पारदर्शिता और संवेदनशीलता को भी मजबूत करेगा।

## राजिम में मनाया गया भाजपा स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 6 अप्रैल को भाजपा राजिम मंडल के विश्राम गृह में पं. दिनदयाल उपाध्याय एवं पं. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को नमन कर कार्यकर्ताओं ने भाजपा स्थापना दिवस मनाया गया।

साथ ही सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दिया जिसमें छ.ग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को भाजपा का इतिहास एवं स्थापना को विस्तार से बताया। इस कार्यक्रम में राजिम नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव,भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू,नप उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,छाया राही,राधेश्याम बंजारे,मनोज देवांगन,शरद पारकर,सोमनाथ पटेल,सभापति आकाश राजपूत,संजीव साहू,जितेन्द्र पेंदरिया,युवराज साहू,लोकेश सोनी,देवकी साहू,खुशी साहू,आशीष पांडेय,प्रदीप जैन,भारत सिन्हा,डोमार ध्रुव,राजेश धीवर,अखिलेश गुप्ता,दुर्गेश धीवर,मुकेश साहू,प्रकाश साहू,लिलेश साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता सहित बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने एवं आभार मनोज देवांगन ने किया।

## सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने विधायक से मुलाकात की

**छुरा**। सरपंच संघ के पदाधिकारियों ने विधायक रोहित साहू राजिम विधानसभा से सौजन्य भेट मुलाक़ात की। विधायक ने कहा कि सभी सरपंच अपने अपने पंचायत को जन हित में निःस्वार्थ शासन के मंशा अनरूप चलाएंगे, शासन हमेशा आप लोगों साथ हैं। विधायक का ध्यान आकर्षित करते हुए सरपंच संघ के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव एवं संघ के सचिव दीपक कुमार ध्रुव अवगत कराया कि वर्तमान में चल रहे पंचायत सचिवों के अनिश्चित कालीन हड़ताल के कारण पंचायत के कार्य संचालन में भारी असुविधा हो रही है एवं कई यों पंचायत मे अभी भी सरपंच को चार्ज भी नहीं मिला है एवं ग्रीष्म काल के वजह से लगभग हर पंचायत में पानी और बिजली की भारी दिक्कत है जिस पर विधायक ने तत्काल संज्ञान लेते हुए कलेक्टर जिला गरियाबंद को फ़ोन कर जल्द से जल्द इस समस्या का निदान करवाने को कहकर आश्वस्त किया। इस दौरान सरपंच संघ छुरा के अध्यक्ष पन्ना लाल ध्रुव, सचिव दीपक कुमार ध्रुव संरक्षक अशोक ध्रुव, उपाध्यक्ष-जग बाई ध्रुव मिडिया प्रभारी चमपेश्वर नेताम, ठानेश्वर ध्रुव, सलाहकार - रूपऊ राम ध्रुव, निर्मला ताराचंद सरपंच अमेठी, शिवकुमारी कमार, केजाबाई सोम सरपंच अतरमरा, कमलेश ध्रुव सरपंच गाड़ा घाट, छतेश्वरी ध्रुव सरपंच सांकरा, तुलसी ध्रुव सरपंच कुकदा, खिलावन साहू दीपक साहू एवं सरपंच संघ फिंगेश्वर के अध्यक्ष हरीश साहू एवं उनके प्रतिनिधि मंडल उपस्थिति थे ।



### तीन माह में 286 गुम इंसानों की तलाश

**महासमुंद**। जिले में गुम हुए बालक, बालिका, महिला, पुरुषों की दस्तयाबी के लिए महासमुंद पुलिस ने 1 जनवरी से 30 मार्च तक विशेष अभियान चलाया, सभी थाना क्षेत्रों से अलग-अलग टीम का गठन किया गया था। जिनके द्वारा राज्य के अंदर और दीगर राज्य ओड़शिा, महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, जम्मू कश्मीर से 58 बालिका, 2 बालक, 174 महिला, 52 पुरुष, कुल 286 गुम इंसान की तलाश कर उनके परिजनों से मिलाया। इस पूरे अभियान में वरिष्ठ आरक्षकों का विशेष योगदान रहा। युक्क युवतियों के परिजनों ने कहा कि पुलिस की मदद से हमसे बिछड़े मिले। बच्चों को ढूंढ़कर परेशान हो चुके थे। रिश्तेदारों के यहां भी पतासाजी की, लेकिन कहीं पता नहीं चल पाया था। कुछ परिजनों ने कहा कि हम तो पूरी तरह से उम्मीद छोड़ चुके थे, लेकिन पुलिस की इस पहल से हमारे घर में फिर से खुशियां लौट आई।

## निधन

### श्यामाबाई साहू



**छुईहा बेलर**। ग्राम सिर्रीखुर्द निवासी श्यामाबाई साहू का सोमवार निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। जिसमे गांव के गणमान्य नागरीक शामिल हुए। वे पूर्व सरपंच टिकेश साहू, डॉ. थानु साहू के माताजी थी।

### पवित्रा बाम्बोडे



**मैनपुर**। ग्राम पंचायत मैनपुर के पंच पवित्रा बाम्बोडे का सोमवार शाम निधन हो गया। उनका 8 अप्रैल मंगलवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। पवित्र बाम्बोडे ग्राम पंचायत मैनपुर में पिछले 20 वर्षो से पंच पद पर आसीन थी।

## पेज 11 के शेष

### सचिव शासकीयकरण की...

पहुंचाने की बात कहकर प्रभावित कार्यों के सवाल पर चुप्पी साधे हुए हैं।
पंचायत सचिवों ने प्रधानमंत्री मोदी से लगाई गुहार, शासकीयकरण की गारंटी पूरी करने की मांग
पंचायत सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने 2023-24 के विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी में शामिल पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के वादे को पूरा करने का आग्रह किया है।

### रामनवमी पर निकली...

भगवान श्रीराम का जीवन सत्य, धर्म, प्रेम और आदर्श का प्रतीक है। आज के दिन हम संकल्प लें कि हम भी श्रीराम के आदर्शों का पालन करेंगे। अपने जीवन में सत्य, सेवा, कर्तव्य और प्रेम को अपनाएंगे। भगवाताचार्य युवराज पांडेय ने कहा कि आप सभी का परिश्रम, आपकी श्रद्धा और आपकी सेवा भावना देखकर मन गर्व से भर उठा। भगवान श्रीराम आप सभी को आशीर्वाद दें, आप सभी धर्म के कार्यों में अग्रसर रहें और समाज को संगठित करते रहें।

**जगह-जगह बनाए गए भव्य स्वागत द्वार :** वहीं, उड़ीसा के प्रसिद्ध घूमड़ा नृत्य और छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध गौरी घुमाल नृत्य ने शोभायात्रा को सांस्कृतिक भव्यता प्रदान की। नगर भर में जगह-जगह बनाए गए भव्य स्वागत द्वार, पुष्प वर्षा और प्रसाद वितरण से श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। सम्पूर्ण वातावरण श्रीराममय हो गया और जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से नगर गूंज उठा। प्रशासन द्वारा की गई सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभा यात्रा शांतिपूर्ण और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुई। समापन अवसर पर सभी ने भगवान श्रीराम के मर्यादा पुरुषोत्तम जीवन से प्रेरणा लेते हुए उनके आदर्शो को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में हिंदू रक्षा मंच के प्रकाश चंद रोहरा, विनय दासवानी, परस देवांगन, संदीप सरकार, राजू तिवारी, तामेश्वर सोनी, पुष्पक देवांगन, उमेश सिंग, रितेश टांडी, बाबा सोनी, उत्तम सोनी, ऐश्वर्य यदु, हिमांशु गुप्ता, रिक्की गुप्ता, यश मिश्रा, तामेश्वर सोनी, जीवन सोनी, गैद सिन्हा, मुकेश पाण्डेय के साथ साथ नगर के सभी सामाजिक संगठन, व्यवसायिक संगठन, धार्मिक संगठन, समस्त मातृ शक्ति संगठन के साथ साथ नगर के प्रबुद्धजन जुटे रहें।

### कार्यकर्ताओं के संघर्ष ...

के कारण आज हम केन्द्र में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने में सफल हुये हैं,देश के अधिकतर राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, भाजपा के विश्वसनीय विचारधारा के कारण देश की जनता का विश्वास पार्टी के प्रति बढ़ा है विधानसभा स्तर पर पंचायत चुनावों में भाजपा समर्थित प्रत्याशी चुनाव जीतने में सफल हुये हैं जनपद पंचायत में भाजपा द्वारा अधिकृत जनपद सदस्य ही अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। केन्द्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं को एक एक गांव में पहुंचाने का काम कार्यकत्राओं को करना होगा। स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष भरत बैस, मंच संचालन मंडल महामंत्री सूरज लाल साहू तथा आभार प्रदर्शन भाजयुमो जिला महामंत्री गौरव शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान मंडल कार्यालय के निर्माण कार्य की प्रारंभिक रचना करने के लिए पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू का विधायक इन्द्र कुमार साहू द्वारा सम्मान किया गया। इस मौके पर शिवनारायण बघेल, प्रदीप शर्मा, चेतना गुप्ता, किशन शर्मा, किशोर शर्मा, वरुण राठी , दलजीत चावला, मुकेश ढीढी, रुपनारायण साहू, मीना साहू, चंपा लेदेकर,धनेश्वर साहू, राजेन्द्र भारती, दीपक राजा दीवान, संदीप बैस, झड़ीराम पटेल,रामचरण चक्रधारी, रामा साहू, रोहित कुर्रे, खुशवंत सिन्हा, गुनीराम साहू, कौशल साहू, बलराम देवांगन, रानू शर्मा, भारती शिन्दे, सीता साहू, नान्हे धृतलहरे, रविसूदन पटेल, पप्पू ठाकुर, सागर साहू, मुकेश साहू, मिलऊ साहू, अश्वनी साहू, दिनेश साहू, कमल तारक, राकेश साहू, पंचराम ओगरे, राजाराम पाल, रमाकांत साहू, दया गिलहरे,राधिका धीवर,सरिता चंद्राकर ,भूपेश विश्वकर्मा व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रामनवमी से शादियॉ ...

सीजन के हिसाब से दुकानों के बाहर डिस्प्ले में लगा दिए गए है। वही शादियों में दिए जाने वाले फर्नीचर पलंग, ड्रेसिंग, सोफा, डाइनिंग की दुकानों में रेडीमेड फर्नीचर बनकर तैयार है। बर्तन,मनिहारी, कपड़े, साड़ी के दुकानों में शादी के हिसाब से नए कलेक्शन आ चुके है। नवापारा के चांदी चौक में ज्वैलर्स की दुकानों में भीड़ दिखने लगी है। नवापारा एवं राजिम के व्यापारियों को इस वर्ष अप्रैल, मई एवं जून के शादी सीजन में अच्छे व्यापार होने की उम्मीद है।

### 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान स्वीकृत


**महासमुंद**। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने एक मृतक के निकटतम वारिसान के लिए चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम सरकंडा की मृतका तानी ठाकुर के पिता भानुप्रताप ठाकुर के लिए 04 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।







## शोक-संदेश



### स्व. श्री श्यामलाल साहू

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिता जी श्री श्यामलाल साहू का आकस्मिक निधन दिनांक 04.04.2025 दिन शुक्रवार को हो गया है।

अतः आप सपरिवार कार्यक्रम में पधारकर पुण्यात्मा को शांति प्रदान करें।

**पंचनाहवन एवं समस्त कार्यक्रम -**
08.04.2025 दिन मंगलवार, स्थल : ग्राम मानिकचौरी (अभनपुर)
टीप : तालाब कार्यक्रम 12:00 बजे से

**शोकाकुल परिवार**
छबीराम साहू, चन्द्रशेखर साहू, चंद्रिका साहू, चिंतामणी साहू, बुद्धेश्वर साहू, छत्रधारी, उत्पल, निलेश, मोहित, तेजप्रताप, डागेश्वर, विरेन्द्र, सोमेश लिलेश, मोहांश, भूपेन्द्र, किरण एवं समस्त साहू परिवार

**विनीत**
श्री थनेन्द्र साहू (पुत्र)
श्री हेमेन्द्र साहू (पुत्र)
श्री फलेन्द्र साहू (पुत्र)

टीप - जिन प्रियजनों एवं साथियों को शोक पत्र नहीं मिल पाया हो तो कृपया इसे ही स्वीकार करें।










प्रस्तुति : यशवंत यादव, कृष्णा एड एजेंसी (संवाददाता) - छुरा, मो. 9893464850

## खबर संक्षेप

### राज्य सरकार सुशासन दिवस आज से मनाएगी

**अभनपुर।** राज्य सरकार सुशासन स्थापना को लेकर 8 अप्रैल से सुशासन तिहार का शुभारंभ हो रहा है। यह आयोजन 3 चरणो मे होगा पहले चरण मे 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आमजनता से आवेदन प्राप्त कि ये जायेगे,दूसरे चरण मे प्राप्त आवेदनो का निराकरण किया जायेगा, तीसरे एवं अंतिम चरण 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरो का आयोजन किया जायेगा,प्रथम चरण मे 8 अप्रैल से ग्राम पंचायत मुख्यालयो,नगरीय निकायो कार्यालयो मे सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्राप्त किये जायेगे,इन स्थलो पर समाधान पेटी रखी जायगी ताकि लोग अपने समस्याये और शिकायत निसंकोच लिखकर उसमे डाल सके, आवश्यकता अनुसार हॉट बाजारो मे भी आवेदन संग्रह किये जायेगे,ऑनलाईनआवेदन प्राप्त करने की भी पोर्टल मे व्यवस्था रहेगी,शासन प्रशासन के प्रत्येक स्तर पर शासकीय कामकाज मे पारदर्शिता लाने एवं शासकीय योजनाओ और कार्यक्रमो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो तथा इसका लाभ समाज के उन वर्गो को मिले जिनके लिए योजनाएं संचालित की जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओ की क्रियान्वयन की समीक्षा तथा विकास कार्यो गति लाने के उद्देश्य से सुशासन तिहार मनाया जा रहा है।

### संगीतमय मानसगान सम्मेलन 10 से 12 तक

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम कोरासी, पीपरछेड़ी, तौरेगा में समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से महावीर जयंती के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानसगान सम्मेलन समारोह का आयोजन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक किया गया है। जिसमें राज्य के ख्याति प्राप्त मंडलियां 11 अप्रैल दिन शुक्रवार को द्रोपदी मानस परिवार, अछोला महासमुंद पुष्पांजली महिला मानस परिवार, सौरागढ़ राजनांदगांव चंदन मानस परिवार रवेली गरियाबन्द ओम शिवम मानस परिवार, परेवाडीह धमतरीजय गुरूदेव संकिर्तन मानस परिवार झलप महासमुन्द जय अम्बे मानस परिवार, बरभांठा गरियाबंद उवत सूरज मानस परिवार, झीथरी डुमर गरियाबंद और 12 अप्रैल दिन शनिवार को श्रद्धा सुमन बालिका मानस परिवार, पचपेड़ी धमतरी कौशिल्या के राम महिला मानस परिवार, सौरझिटी धमतरी रामरसिया मानस परिवार, नयापारा रायपुर जयराम कृष्ण महिला मानस परिवार, भेण्ड्री धमतरी प्रयाग मानस परिवार राजिम गरियाबंद माटि के महक मानस परिवार बेलटुकरी, राजिम गरियाबंद अंजनी महिला मानस परिवार, सिर्री धमतरी तरूण, मानस परिवार तोरला रायपुर संतों के संघ मानस परिवार पैरीधाम पाथर मोहदा गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। जिसकी तैयारी में ग्रामीण जोर सोर से लगे हुए हैं।

### फिंगेश्वर भाजपा मंडल की बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई



**फिंगेश्वर।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के निर्देशानुसार एवं जिला भाजपा गरियाबंद के निर्देश मे 5 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी मंडल फिंगेश्वर की बैठक आयोजित किया गया। जिसमें 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक के कार्यक्रम की रूपरेखा बनाया गया। बैठक में प्रमुख रूप से रामू राम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल सोनकर, मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, महामंत्री मिंजून साहू,किसान मोर्चा के महामंत्री भुवन साहू,पूर्व मंत्री किरनेश सोनी,नगर पंचायत के उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, पूर्व युवा मोर्चा के मंत्री प्रेमलाल टोडर, घनाराम यदुवंशी, दिलीप साहू, लाल साहू, राकेश सिन्हा, शब्बीर खान, अश्वनी विश्वकर्मा समिति अध्यक्ष निरा निषाद, शर्मा सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**पर्व : राजिम में रामनवमी का पर्व धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया गया**

# भगवान श्रीराम की निकाली शोभायात्रा अखाड़ा दल के युवाओं दिखाए अनूठे करतब, श्रीराम के जयकारे से पूरा शहर गूंजता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धर्मनगरी राजिम में श्री रामनवमी का पावन पर्व काफी धूमधाम और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पूरा शहर भगवा ध्वज और तोरण पताके तथा फ्लेक्स पोस्टरों से सजा हुआ था। वैसे भी श्रीरामनवमी को लेकर राजिम के हिंदु समाज, बजरंग अखाड़ा, विश्व हिंदु परिषद और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता काफी उत्साहित रहते है। रविवार की शाम डोभापारा स्थित श्रीराम मंदिर में हिंदुवादी नेताओं ने धूमधाम से पूजा-अर्चना की। धूम धड़ाके के साथ भगवान की शोभायात्रा निकली गई। शोभायात्रा में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, बजरंग अखाड़ा के सदस्य रामकुमार साहू, लीलेश्वर यदु, रितेश यादव, विकास तिवारी, साधु निषाद, देवेंद्र शर्मा, अनिल दुबे , मनीष दुबे, अनुजय सिंह ठाकुर, भावेश ठाकुर, आकाश राजपूत, तुषार कदम, शरद पारकर, कुलेश्वर साहू, राकेश गुप्ता, हिमांशु यादव, सोनू साहू, यश साहू सहित बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त शामिल थे। इस शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा का आयोजन हर वर्ष जोरदार तरीके से राजिम में किया जाता है। इस बार इसकी भव्यता और भी देखने लायक रही है। अखाड़ा दल के युवाओं ने चौक-चौराहों में अखाड़े का शानदार प्रदर्शन करते हुए करतब दिखाया। वहीं अनेको मंडलियां शोभायात्रा में शामिल थी।

**शोभायात्रा में रोहित, चंदूलाल, संतोष व अमितेश हुए शामिल :** यह शोभायात्रा डोभापारा के श्रीराम मंदिर से बाजे-गाजे के साथ निकलकर मेन रोड होते हुए गायत्री मंदिर, सुभाष चौक से रेस्ट हाऊस, व्हीआईपी मार्ग, पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक से गरियाबंद रोड पं. सुंदरलाल शर्मा चौक, गोवर्धन पारा, पुराना पानी टंकी, मां महामाया मंदिर होते हुए देर रात श्रीराम मंदिर पहुंचा। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे से पूरा शहर गुंजता रहा। मालूम हो कि गायत्री मंदिर के पास भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय शोभायात्रा में शामिल हुए। उसके बाद पंडित श्यामाचरण शुक्ल चौक में प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल शामिल होकर पैदल ही शोभायात्रा में भ्रमण किए। श्री शुक्ल केसरिया वस्त्र धारण किए हुए थे। देर रात 8:30 बजे विधायक रोहित साहू गरियाबंद से लौटकर पानी टंकी के पास शामिल हुए फिर वे देर रात तक पैदल चलते हुए शोभायात्रा में साथ रहे।





## आहुतियों के साथ श्रीराम महायज्ञ की हुई पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम रानीपरतेवा में श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री नवधा पारायण यज्ञ व श्रीराम पाठ यज्ञ किया गया जिसका पूर्णाहुति रविवार को समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ। ग्रामवासी व श्रद्धालुओं के द्वारा हवन पूर्णाहुति का कार्य पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। यह आयोजन सन 1972 से नववर्ष नवधा रुप मे मनाया जाता है।

प्रधानाचार्य श्रीराम कुमार शर्मा, मजर काटा ब्रह्मा श्री विजय कुमार शुक्ला सदस्य सोनसाय निषाद, ललित यादव, नाथूराम साहू, अमन शुक्लाख प्रद्युम्न साहू, जितेंद्र दीवान, प्रकाश यादव, गोवर्धन यादव, जयराम साहू, फूल सिंह निषाद, संतोष सिन्हा, टांकेश्वर सिन्हा, जगतु निषाद, फते निषाद, प्रहलाद यदु, गिरधर साहू, नारायण सेन, पुरुषोत्तम साहू, संतोष साहू, भूपेंद्र साहू, भूषण साहू, महिला मंडल अनीता यादव, पुष्पा प्रजापति, आसींन ध्रुव, ओम बाई निषाद, त्रिवेणी साहू 9 दिन तक सभी ग्राम वासियों का सहयोग रहा।



## श्रीराम की शोभायात्रा में डीजे की धुन पर थिरके युवा



**रसेला।** ग्राम रसेला में रामनवमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भगवान श्रीरामनवमी पर्व अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रसेला के हृदय स्थल हनुमान मंदिर से ग्राम प्रमुखों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर शोभायात्रा निकाली गई। पीकप में श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान की फोटो लगाकर सजाया गया था। डीजे पर श्रीराम की धुनों पर युवा युवतियां थिरकते नजर आए। जैसे जैसे भगवान श्रीराम की शोभायात्रा हर गली-मोहल्ले में गुजरता गया हर महिलाएं थाली में आरती सजाकर भगवान श्रीराम की पुजा अर्चना कर आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किया। भगवान राम के जयकारों से आसमान गूंजायमान हो गया। जैसे शोभायात्रा रसेला के बस स्टैंड में पहुंचने पर मुस्लिम जमात द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों को स्टाल लगाकर जलपान कराकर भक्तों का स्वागत किया गया। भक्तों ने मुस्लिम जमात को धन्यवाद ज्ञापित किये। रामनवमीं पर अंचल के मंदिरों में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। वहीं युवा भगवा झंडे लेकर पूरे जोश और उत्साह से झूमते नजर आए। शोभायात्रा में परंपरा, संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, डीजे पर बज रहे मेरे भारत का बच्चा बच्चा, जय श्रीराम बोलेगा, मेरी झोपडी के भाग्य खुल जाएंगे रामआएगे .. श्री राम जी की सेना चली जैसे भजनों पर झूमे रहे थे। शोभायात्रा शहनुमान मंदिर से शंकर चौक, आवास पारा, मंडी, बस स्टैंड, ग्राम पंचायत होते हुए बाजार पारा से मेन रोड निकल कर हनुमान मंदिर में समाप्त हो गया। इस मौके पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, डी आर यादव, नंदू दास मानिकपुरी, देवलाल बारिक, परमेश्वर यादव, शिवशंकर जयसवाल, धनेश्वर ठाकुर, राजा कोमर्रा, बिसाहू राम ठाकुर, श्याम लाल सोरी, सगुन दास, खेमचंद ताण्डी, रामेश्वर सिन्हा, राघवेन्द्र यादव, कैलाश कोमर्रा, रमण यादव, कुलेश्वर साहू, देवेन्द्र साहू, मुकेश गुप्ता, दीपचंद साहू, कृष्ण चक्रकार,

## जोत जंवारा विसर्जन में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम रसेला सहित अंचल में शनिवार को दुर्गा महाष्टमी पर हवन पूजन के पश्चात रविवार को देवालयों और घरों के ज्योत ज्वारा विसर्जन किया गया। शीतला मंदिरों में प्रसादी और भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही कन्या भोज कराया गया। इस दौरान कन्याओं को माता रानी का स्वरूप मानकर पूजा अर्चना कर हलवा, पूड़ी, खीर भोजन परोसा गया। रसेला में नौ दिनों तक सेवा करने के बाद माता के भक्तों ने ज्योत ज्वारा का धूमधाम से विसर्जन गांव के शीतला तालाब में किया जहां नुतन निषाद घर से निकलकर साहडा चौक, हनुमान मंदिर होते हुए शीतला तालाब पहुंचे, गांव की गलियों में घर के सामने पहुंचने पर भक्तों ने ज्योत ज्वारा का आरती उतार कर पुजा अर्चना किये। इस आस्था में बड़ी संख्या में ग्रामवासी उमड़ पड़े। सेवा गीत और मांदर की धुन पर पुरुष झूमते रहे। भीषण गर्मी को देखते हुए विसर्जन 11 बजे तक किया गया। सिर पर ज्योत ज्वारा रखकर कतार से चल रही महिलाओं के लिए रास्ते में पानी पिलाने का व्यवस्था भी किया गया था। गाजे बाजे के साथ माता की सेवा गीत गाते हुए सेवा समिति ज्वारा के आगे आगे चल रहे थे। ग्रामीण सेवक प्रतिदिन दिन रात माता की सेवा गीत गाकर करते थे। सभी श्रद्धालुओं ने माता रानी से सुख समृद्धि की कामना की गई। विसर्जन के पश्चात सभी अपने अपने इष्ट मित्र व सगा संबंधित को रामनवमीं की बधाई देते हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्रों व आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। प्रारंभ से ही शक्ति की आराधना में पूरे गांव वाले जुटे रहे। इस तरह ग्राम कुडेरादादर, दादरगाव नया, सहित क्षेत्र के शीतला मंदिरों में जहां ज्योत ज्वारा का आयोजन किया गया था, वहां भी धूमधाम से विसर्जन कर सभी श्रद्धालु भक्तजनों को ज्वारा और प्रसाद वितरण कर भोजन कराया गया।

## जसगीत के साथ जंवार का किया गया विर्सजन

**छुईहा बेलर।** चैत नवरात्रि पर्व में आदि शक्ति जगत जननी जगदंबा, महामाया, मां दुर्गा मंदिर, मां दंतेश्वरी, मां शीतला, मां चंडी, मां समलेश्वरी, मां खल्लारी, मां महाकाली, मां सतबहनिया, मां कंकाली, मां बाला त्रिपुर सुंदरी इत्यादि स्वरूपों में जहां भक्तों ने चैत नवरात्र प्रारंभ किया, पंचमी को श्रृंगार उत्सव मनाया, अष्टमी में ग्राम बेलर मलेशु देवेन्द्र ध्रव, ग्राम बिजली में हेमलाल दिपक यादव, गौतम निषाद, पुरानिक साहू, लिखन निषाद, मदन निषाद, के घरो में मनोकामना जोत जंवारा का स्थापना किया गया था। अष्टमी में ग्राम पुरोहित सह बैगा पंडा के सानिध्य में माता के जयकारों के साथ हवनादी कार्य कराया गया। वहीं रामनवमी तिथि को जोत जवारा विसर्जन में भक्तों का उत्साह छलक रहा था। चांग, ढोल, मांदर की ताल, गाजे बाजे, जस गीत के साथ माता के प्रतीक संकल लिए हुए सिरहा से माता के प्रति अपनी भक्ति श्रद्धा और विश्वास से अर्पित कर रहे हैं। वहीं भक्तों का समूह कहीं ना कहीं नारी सशक्तिकरण का भी संदेश दे रहा है। भक्तगण जहां कन्या भोज आयोजन कर रहे हैं वहीं आदिशक्ति शीतला मंदिर बिजली में नवमी में विशेष पूजा अर्चना हुई।



## पंचायत हरदी में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ग्राम पंचायत हरदी में देश के सबसे बड़े पार्टी भारतीय जनता पार्टी का सोमवार को स्थापना दिवस अटल चौंक में मनाया गया। सर्वप्रथम अटल बिहारी वाजपाई के छायाचित्र में पुष्पमाला गुलाल नारियल से पूजा अर्चना कर प्रारंभ किया गया। तत्पश्चात भारतीय जनता पार्टी के बूथ अध्यक्ष एवं उप सरपंच रुपनाथ बंजारे के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं को एकता की परिचय देते हुए पार्टी को और मजबूत करने की बीड़ा उठाई और राष्ट्र नेतृत्व के लिए सबका साथ सबका विकास की राह पर चलने को कहा जिससे विश्व के लोक प्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सपनों को पूरा किया जा सके। लखन तिवारी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को जोश उत्साह भरते हुए संविधान के दाता डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती को एक साथ मनाने की अपील किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने मण्डल की बैठक लेकर सभी को आग्रह किया बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई जाए। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्तागण मंथीर ध्रुव,प्रताप साहू, बलदेव साहू,अमर सिंह तारक,विजय तिवारी, डिगेश्वर साहू, मोहन ध्रुव, कृष्णा यादव, लोकेश्वर यादव रूपेश यादव टायल यादव, मेशू तारक, हुमसिंग कंवर, रूपसिंह कंवर नारायण कंवर भूपेंद्र टिकेश्वर तेजराम ध्रुव, तारकेश्वर साहू, प्रीतम यादव यशवंत कंवर, बैसाखू उपस्थित थे।

### भाजपा मंडल ने मनाया भाजपा स्थापना दिवस

**फिंगेश्वर।** बूथ क्रमांक 64 में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप मंडल अध्यक्ष मंजुलता हरित, वीणानिषाद, सरिता, नंदनी विश्वकर्मा, लक्ष्मी, जानकी विश्वकर्मा, सोहागा निषाद, उत्तरा, लता निषाद, पूर्णिमा यादव, पीलाबाई यादव सम्मिलित हुए।



**विधायक ने पैरी उद्गम में शेड निर्माण के लिए 10 लाख देने की घोषणा की**

# सेवा राष्ट्रहित के संकल्प के साथ भाजपा आगे बढ़ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

राजिम विधायक रोहित साहू सोमवार को मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम भाठीगढ़ पहुंच और प्राचीन शिवमंदिर एवं राधाकृष्ण मंदिर में पूजा अर्चना कर पूरे प्रदेश में सुख -शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पश्चात भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओं व स्थानीय ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उनके साथ भाजपा गरियाबंद जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, भाजपा जिला आईटी सेल प्रभारी सागर मयाणी भी पहुंचे थे। भाजपा स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा का झंडा फहराने के बाद डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दिनदयाल उपाध्याय की छायाचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के सरपंच पुष्पा नेगी ने सभी ग्रामवासियों के तरफ से स्वागत किया और मांगपत्र सौंपा। राजिम विधायक रोहित साहू ने सरपंच की मांग पर पैरी उद्गम भाठीगढ़ में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रूपये देने की घोषणा की साथ ही जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ करवाने की बात कही। जिस पर सभी उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत किया। विधायक रोहित साहू ने कहा की भाजपा एक राष्ट्रवादी सबसे बड़े राजनीतिक दल है जो भारत एक सुदृढ़ एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए संकल्पित है।

- पैरी उद्गम भाठीगढ़ पहुंचकर रोहित ने प्राचीन शिवमंदिर में पूजा अर्चना की



### विश्व में भारत के सामर्थ्य का बजा डंका

भाजपा गरियाबंद अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा की अब तक की यात्रा में हम सबने मिलकर देश की सेवा की है देश के गौरव की प्रतिमान गढ़े है जिससे पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य का डंका बजा है। उन्होने आगे कहा भाजपा सेवा संगठन और राष्ट्र हित के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप, वरिष्ठ भाजपा नेता रामस्वरूप साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, महेन्द्र सोनी, राजेन्द्र तिवारी, पुलस्त शर्मा, मनोज मिश्रा, हेमंत साहू, मनोज निर्मलकर, मोहन कुशवाहा, कोमल सोनवानी, डाकेश्वर नेगी, विशेसर सिक्का, सुधीर राजपूत, माखन दास वैष्णव, रोहित नायक, श्रवण नेताम, राजेन्द्र नागेश, लिलेश साहू, हरिश यादव, सुरेश यादव, चंदन ध्रुव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411